सत्यमेव जयते

भारत सरकार/GOVERNMENT OF INDIA
रेल मंत्रालय /MINISTRY OF RAILWAYS
रेल भर्ती बोर्ड /RAILWAY RECRUITMENT BOARD
वेबसाइट/Website:https://rrb.indianrailways.gov.in

CEN No. 03/2026 (Section Controller)

NOTICE REGARDING TENTATIVE SCHEDULE OF COMPUTER BASED TEST (CBT) FOR THE POST OF SECTION CONTROLLER AGAINST CEN NO.03/2026.

1. Tentative Schedule of Computer Based Test (CBT) for the above CEN is as under:

.

Sl. No.	CEN	POST NAME	Exam Dates
1.	CEN03/2026	SECTION CONTROLLER	12th October 2026 to 13th October2026.

2. **The LINK for viewing Exam City & Date and downloading of Travel Authority for SC/ST candidates will be made live 10 days (Tentatively) prior to the exam date on the official websites of all RRBs.**
3. Downloading of E-Call letters will start 4 days (Tentatively) prior to exam date mentioned in Exam City and Date intimation LINK.
4. Aadhaar linked biometric authentication of candidates will be done in the exam center prior to entry in the exam hall. Candidates are required to bring their original Aadhaar card or printout of e-verified Aadhaar. Candidates are advised to authenticate their identification through Aadhaar verification, if not done already, by logging in with their credentials at www.rrbapply.gov.in to facilitate smooth entry into the examination center.
5. Candidates, including those who have verified their Aadhaar during the application submission stage, are requested in their own interest to ensure that their Aadhaar remains in unlocked condition in the UIDAI system before coming to exam centre to avoid inconvenience and facilitate registration and exam-related processes on the exam day.
6. Aadhaar Card should be updated with correct name, date of birth (as per Class 10th Certificate), latest photograph, biometrics (if not updated upon reaching the age of 15 years), address and father's name.
7. Candidates are advised to refer only to the official websites of RRBs for latest updates on the recruitment process. Please do not be misled by unauthenticated sources.
8. Beware of touts who try to misguide candidates with fake promises of appointment for jobs on illegal consideration. RRB selections are based on Computer Based Test (CBT) and recruitment is based only on the merit of the candidates.

Date:11.09.2026

Chairpersons
Railway Recruitment Boards

सत्यमेव जयते

भारत सरकार/GOVERNMENT OF INDIA
रेल मंत्रालय /MINISTRY OF RAILWAYS
रेल भर्ती बोर्ड /RAILWAY RECRUITMENT BOARD
वेबसाइट/Website:https://rrb.indianrailways.gov.in

सीईएन सं. 03/2026 (सेक्शन कंट्रोलर)

सीईएन सं. 03/2026 (सेक्शन कंट्रोलर) के अंतर्गत सेक्शन कंट्रोलर पदों के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) की संभावित कार्यक्रम के संबंध में सूचना

1. उपरोक्त सीईएन के लिए संभावित परीक्षा निम्नानुसार है:
.

क्र. सं.	सीईएन	पद	परीक्षा की तिथि
1.	03/2026	सेक्शन कंट्रोलर	**12** अक्टूबर **2026** से **13** अक्टूबर **2026**

2. **परीक्षा शहर तथा तिथि देखने और एससी/एसटी अभ्यर्थियों के लिए यात्रा प्राधिकार डाउनलोड करने के लिए लिंक सभी आर.आर.बी की आधिकारिक वेबसाइटों पर परीक्षा तिथि से लगभग 10 दिन पहले लाइव कर दिया जाएगा।**

3. ई-कॉल लेटर डाउनलोड परीक्षा-शहर और तिथि सूचना लिंक में उल्लिखित परीक्षा तिथि से लगभग 4 दिन पहले शुरू होगी।

4. परीक्षा हॉल में प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों का आधार से जुड़ा बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण परीक्षा केंद्र में किया जाएगा। अभ्यर्थियों को अपना मूल आधार कार्ड या ई-सत्यापित आधार का प्रिंटआउट साथ लाना आवश्यक है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि यदि उन्होंने पहले से आधार सत्यापन नहीं किया है, तो वे www.rrbapply.gov.in पर अपने क्रेडेंशियल के साथ लॉग इन कर आधार सत्यापन के माध्यम से अपनी पहचान प्रमाणित करें, ताकि परीक्षा केंद्र में सुगम प्रवेश सुनिश्चित हो सके।

5. सभी अभ्यर्थियों, जिनमें वे अभ्यर्थी भी शामिल हैं जिन्होंने आवेदन जमा करने के दौरान अपने आधार का सत्यापन कराया है, से अनुरोध है कि वे अपने हित में यह सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा केंद्र पर आने से पहले उनका आधार UIDAI प्रणाली में अनलॉक स्थिति में रहे, ताकि परीक्षा के दिन असुविधा से बचा जा सके तथा पंजीकरण और परीक्षा संबंधी प्रक्रियाओं में सुविधा हो।

6. आधार कार्ड में सही नाम, जन्म तिथि (कक्षा 10वीं के प्रमाण पत्र के अनुसार), नवीनतम फोटो, बायोमेट्रिक (यदि 15 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद अपडेट नहीं किया गया है), पता और पिता का नाम दर्ज होना चाहिए।

7. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती प्रक्रिया पर नवीनतम अपडेट के लिए केवल आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों को ही देखें। कृपया अप्रमाणित स्रोतों से गुमराह न हों।

8. उन दलालों से सावधान रहें जो अवैध तरीके से नौकरी दिलाने के झूठे वादे करके अभ्यर्थियों को गुमराह करने की कोशिश करते हैं। आरआरबी में चयन प्रक्रिया कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) पर आधारित होती है और भर्ती केवल अभ्यर्थियों की योग्यता के आधार पर होती है।

दिनांक : 11. 09. 2026

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड